## एक नजर में

### 57वां शिवडोला काउंट डाउन, एक दिन शेष सिद्धनाथ महादेव को लगाएंगे व्यंजनों का भोग, विशेष प्रक्रिया से तैयार किया भांग का प्रसाद



**खरगोन।** अधिष्ठाता भगवान श्री सिद्धनाथ महादेव भादौ वदी दूज सोमवार 11 अगस्त को खरगोन नगर भ्रमण पर निकलेंगे। शिवडोला मार्ग पर देवाधिदेव महादेव को अनेक प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। सेवा मंचों के माध्यम से व्यंजनों को शिवभक्तों में वितरित किया जाएगा। श्री सिद्धनाथ महादेव मंदिर सार्वजनिक श्रावण मास समिति खरगोन के प्रवक्ता प्रकाश भावसार ने बताया 57वें शिवडोला के लिए शनिवार दोपहर तक करीब 80 सेवा मंच के नाम आए हैं। सचिव विनित महाजन ने सेवा मंच संचालकों से अपने सेवा मंच मार्ग छोड़कर ही लगाने का अनुरोध किया है। साथ ही श्रद्धालुओं को कतारबद्ध कर प्रसाद वितरण करें। अनुशासन बनाए रखने के लिए अलाउसमेंट करें। स्वागत मंच लगाने पर पूर्णतः रोक रहेगी। समिति संरक्षक मनोहर भावसार ने कहा शिवडोला की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समिति अध्यक्ष नवनीतलाल भंडारी सहित पदाधिकारीगण व सदस्यों ने शिवडोला को सफल बनाने का आह्वान किया है।

**मुख्य झांकी से बंटेगा 12 क्विंटल प्रसाद :** भगवान श्री सिद्धनाथ महादेवजी की मुख्य झांकी से शकरए भांगए सूखा मेवा आदि से निर्मित 12 क्विंटल प्रसादी का वितरण होगा। समिति के सह मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र भावसार ने बताया 10 क्विंटल शकर, 40 किलो भांग, 45 किलो काजू, 45 किलो शुद्ध देशी घी, 15 किलो इलाइची, आठ किलो काली मिर्च से प्रसाद का निर्माण किया है। करीब आठ दिनों तक चली विशेष प्रक्रिया के बाद शनिवार को प्रसाद तैयार हुआ। समिति संरक्षक बबलू पाल ने बताया कलेक्टर खरगोन के आदेशानुसार 11 अगस्त को शिवडोला के उपलक्ष में खरगोन अनुविभाग में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। यह आदेश बैंक व कोषालय पर लागू नहीं होगा।

### जिला ई गवर्नेंस प्रबंधक पंवार एवं सहायक प्रबंधक सिंह की संविदा सेवा समाप्त

**खरगोन।** कलेक्टर एवं दंडाधिकारी सुश्री भव्या मित्तल ने मप्र स्टेट इलेक्ट्रानिक्स डेवलमेंट कॉर्पोरेशन लिमि. भोपाल व आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ भोपाल से प्राप्त शिकायत व ई.गवर्नेंस प्रणाली में लापरवाही, आधार केन्द्रों के संचालन एवं अनुबंध शर्तों के उल्लंघन करने पर जिला ई.गवर्नेंस प्रबंधक प्रमोद पंवार और सहायक प्रबंधक विपिन कुमार सिंह की संविदा सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त करने कर दी गई है। जांच के दौरान पाया गया कि दोनों अधिकारियों द्वारा अनुबंध राशि, राजस्व वसूली, धरोहर राशिए आधार केन्द्रों के संचालन तथा एक ही व्यक्ति द्वारा 07 लोगों की अनुबंध राशि जमा की गई जो कि कमिशनखोरी तथा दलाली की ओर संकेत करती है। उनके द्वारा इस पर बाधा न लगाने पर दोनों पर यह कार्यवाही की गई है। पंवार एवं सिंह की संविदा सेवा 31 दिसंबर 2024 को समाप्त हो चुकी थी, लेकिन इनके द्वारा कार्य करना जारी रखा गया। जिला ई.गवर्नेंस प्रबंधक प्रमोद पंवार एवं सहायक ई.गवर्नेंस प्रबंधक श्री विपिन कुमार सिंह द्वारा अपने कर्त्तव्य के प्रति शासन के नियम व निर्देशों का उल्लंघन करने तथा नियमों के विपरित कार्य करने से उनकी अवधि नहीं बढ़ाते हुए इनकी सेवाएं समाप्त की गई है।

### भारत छोड़ो आंदोलन पर कांग्रेस ने की गोष्ठी




**खरगोन।** महात्मा गांधी के नेतृत्व में अग्रेंजी व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस पार्टी नें आजादी का संघर्ष किया था। आज भी राहुल गांधी के नेतृत्व में वर्तमान व्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस पार्टी संघर्ष कर रही है। जिस प्रकार भारत छोड़ो आन्दोलन के बाद अग्रजों को देश छोड़कर जाना पड़ा था, उसी प्रकार वर्तमान में वोट की चोरी से बनी सरकार को भी जाना होगा। उक्त बात जिला कांग्रेस के अध्यक्ष रवि नाईक ने भारत छोड़ो आंदोलन एवं विश्व आदिवासी दिवस पर जिला कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में कही। गोष्ठी को जिला कांग्रेस महासचिव संजीव गांगुली, महाचिव विजय कोचले ने भी संबोधित किया। इस दौरान जितेन्द्र भावसार, अजय बड़ोले, अरविन्द्र चौधरी, कादर बेग, राजु सदर, राजेश भावसार आदि मौजुद थे। संचालन प्रवक्ता राजेश मण्डलोई ने किया।

### खंडवा-बड़ौदा राज मार्ग पर वाहन दुर्घटना में एक बाइक चालक युवक की मौत, एक घायल

**गोगावा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खंडवा बड़ौदा राज मार्ग पर घुघरीयाखेड़ी के समीप शनिवार तड़के एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार वाहन लेकर फरार हो गया है जिसमे एक युवक की मौत हो गई है वही एक युवक घायल हो गया है गोगावा पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार मालूम हुआ कि दो चचेरे भाई अपनी बाइक से खरगोन की ओर से रात्रि में अपने गांव जा रहे थे की तड़के किसी अज्ञात वाहन से इनकी टक्कर हो गई जिसमे गोपाल



पिता रघुवीर खोडे 18वर्ष निवासी वडिया थाना भगवानपूरा की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी वही इसका साथी सुरेश पिता मनिया 20वर्ष निवासी बिसनपुरा थाना गोगावा गंभीर रूप से घायल होने के चलते इसे 108वाहन की मदद से खरगोन जिला अस्पताल लाया गया जहां इसका इलाज जारी हे परिजनों से मिली जानकारी में बताया गया कि मृतक गोपाल खोड़े होनहार छात्र होकर भोपाल में रहकर पेथालाजी का कोर्स कर रहा था।पुलिस ने गोपाल के शव का गोगावा अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनो को सोप जांच में लिया है।

# विश्व आदिवासी दिवस पर सर्व आदिवासी समाज ने निकाली रैली

दिया एकजुटता का संदेश, बग्घी में जननायक टंट्या मामा भील का आदमकद चित्र आकर्षण का केंद्र



नवभारत न्यूज

**खरगोन।** 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस जिले में उत्सव के रुप में मनाया गया। जिला मुख्यालय पर सर्व आदिवासी समाज ने सांस्कृतिक रैली एवं आमसभा का आयोजन कर आदिवासी एकता का परिचय दिया। रैली के दौरान सुसज्जित बग्घी में जननायक टंट्या मामा भील की आदमकद चित्र आकर्षण का केंद्र रहा।

आयोजन समिति के डॉ. गोविन्द मुजाल्दा, एस शिकारी, सुरेश वास्कले, विक्रम डावर, बादशाह कनासे, विश्राम डोडवे, मंशाराम जाधव आदि ने बताया कि सुबह 11 बजे से टंट्या नायक भील चौराहा पर एकत्रितकरण हुआ। यहां से जय जौहार, जय आदिवासी के नारे के साथ रैली का आगाज हुआ। जिसमें समाज के युवा हाथों में जय जोहार, जय आदिवासी का नारा लगाते झूमते, नाचते चल रहे थे।

#### एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए

रैली शहर के विभिन्न मार्गो से भ्रमण करते हुए कृषि उपज मंडी पहुंचकर आमसभा में तब्दील हुई। आयोजन समिति के तेनसिंह मेहता, रेवल सिंह डावर, जागीराम बड़ोले, रवि बर्डे, डॉ. शर्मिला रावत, सचिन सिसौदिया, सावन ब्राह्मने, मोहन भुरिया आदि ने बताया कि आमसभा में वक्ताओं ने संदेश दिया कि आदिवासी समाज को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना चाहिए।

## विश्व आदिवासी दिवस पर महेश्वर में झूमे पारंपरिक रंग, गूंजा तांत्या भील का शौर्य

नवभारत न्यूज

**महेश्वर निप्र।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर शुक्रवार 09 अगस्त को महेश्वर में आदिवासी समाज के लोगों ने अपनी संस्कृति और परंपराओं का भव्य प्रदर्शन किया। जिलेभर से बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के सदस्य पारंपरिक वेशभूषा में यहाँ पहुंचे। ढोल-मांदल की थाप और गीतों की गूंज के बीच पारंपरिक नृत्य ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

इस मौके पर वक्ताओं ने आदिवासी समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और योगदान पर प्रकाश डालते हुए आदिवासी क्रांति के वीर नायक तांत्या भील के साहस और बलिदान को भी याद किया। तांत्या भील को 'आदिवासियों का मसीहा' कहा जाता है, जिन्होंने 19वीं सदी में अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज बुलंद की और जन-जन में आज़ादी की चिंगारी जगाई। वे गरीबों और दबे-कुचलों के हक में खड़े रहे और अन्याय के खिलाफ संघर्ष करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।


पूरे कार्यक्रम में उत्साह, एकता और गौरव का अद्भुत नजारा देखने को मिला, जिसने न केवल स्थानीय लोगों बल्कि बाहर से आए आगंतुकों का भी मन मोह लिया।



# भाई की कलाई पर दमका बहनों का प्यार...

नवभारत न्यूज

**खरगोन। सावन मास की पुर्णिमा पर भाई तुम जियो हजारों साल,मिले कामयाबी तुम्हें हर बार का भाव लिए बहनों ने भाई की कलाई पर राखी बांधी। भाईयों ने भी बहनों की रक्षा के वचन का संकल्प दोहराया। रक्षाबंधन का पर्व समूचे अंचल में स्नेहोत्सव के साथ मनाया गया।**



कई वर्षों बाद बिना भद्रा के साये में मनाए जा रहे रक्षाबंधन पर मुहुर्त की कोई पाबंदी नही रही। सुबह से देरशाम तक घरों में रक्षाबंधन पर्व के आयोजन चलते रहे। भाई की कलाई पर बहना का प्यार दमक रहा था। पर्व के चलते आम दिनों की तरह सड़कों पर ज्यादा आवाजाही देखी गई।

रक्षाबंधन पर जो भाई बहनों से दूर थे और उनसे मिलने नहीं आ पाए, उन्होंने इंटरनेट मीडिया के माध्यम से पूजा करवाई और बहन को सुख.दुख में साथ रहने का संकल्प लिया। समाजसेवी संस्थाओं के सदस्यों व पर्यावरण प्रेमियों ने पेड़ों में राखी बांधकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।



### तर्पण का कार्यक्रम कर नवीन यज्ञ पवित्र धारण

**बिस्टान नि प्र ।** शनिवार पूर्णिमा के अवसर पर बिस्टान ब्राह्मण समाज द्वारा नवीन जनेऊ धारण का कार्यक्रम नाग मंदिर स्थित परिसर में हिमाद्री श्रवण पश्चात श्री राधा कृष्ण मंदिर बिस्टान में तर्पण का कार्यक्रम कर नवीन यज्ञ पवित्र धारण किया गया । जिसमें आचार्य बसंत दुबे द्वारा सारा कार्यक्रम करवाया गया । यह जानकारी ब्राह्मण समाज अध्यक्ष राजेश तिवारी द्वारा दी गई । एवं समस्त समाज बंधुओ का सहयोग रहा ।

### जिला जेल में भी बंदी भाइयों की कलाई पर सजी राखी, खुशी में छलके आंसू



**खरगोन।** भाई- बहन के प्रेम को और अधिक प्रगाढ़ करने का पर्व रक्षाबंधन शहर सहित समूचे अंचल में उत्साह के साथ मनाया गया। इस पर्व पर जेल में बंद भाईयों की कलाई भी सुनी नही रही। जेल प्रशासन ने बहनों को प्रत्यक्ष मिलकर भाईयों को राखी बांधने का मौका दिया।

जेल प्रशासन ने रक्षाबंधन के त्योहार के लिए सारे इंतजाम किए थे। सुबह से ही बहनें भाई से मिलने की आस में जेल परिसर पहुंचने लगी थी। जेल अधीक्षक वीबी प्रसाद ने बताया कि हर साल जेल में रक्षाबंधन के मौके पर जेल में बंद कैदियों को राखी बांधने के लिए खास इंतजाम किया जाता है। जेल में 200 से अधिक बहनें अपने भाइयों की सुनी कलाइयों पर राखी बांधने पहुंची थी। आयोजन की विशेषता यह रही कि इसमें हिन्दू समाज के साथ मुस्लिम महिलाएं भी पहुंची, जिससे सामाजिक सद्भाव का नजारा रहा। जेल में यह त्यौहार मनाने का उद्देश्य यही है कि अपराधियों में सकारात्मक भाव हो। साथ ही वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें। सहायक जेल अधीक्षक सुभद्रा ठाकुर ने बताया वर्ष में एक बार ही प्रत्यक्ष रूप से जेल में राखी बांधने पर का अवसर मिलने से कैदियों के परिवार में उत्साह के साथ भावुकता भी नजर आई। कई बहनें अपने भाईयों को कह रही थी कि भविष्य में ऐसा कोई काम ना करना कि दोबारा जेल का मुंह देखना पड़े। जेल में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बहनों को प्रवेश दिया गया। यहां पूजन सामग्री और थाल जेल प्रशासन ने उपलब्ध कराई गई।

### मंडलेश्वर जेल में बहनों ने खुली मुलाकात में बांधी राखी

**मंडलेश्वर, निप्र।** ऐतिहासिक मंडलेश्वर जेल में रक्षाबंधन पर उत्सवी माहौल में यहां बंद 111 बंदियों को उनकी बहनों ने घर जैसे माहौल में रक्षा की डोर बांधकर रक्षाबंधन त्यौहार मनाया। सब जेल की सहायक जेल अधीक्षक श्रीमती श्वेता मीणा ने बताया कि शासन के निर्देश पर बहनों को जेल के अंदर राखी बांधने की अनुमति दी गई ।इसमें बहनों के साथ छोटे बच्चे को भी जाने की अनुमति दी गई ।मुलाकात का समय सुबह 08 बजे से 2 बजे तक का रखा गया। रक्षाबंधन का पर्व हम जिस तरह से घर में उत्सवी माहौल में मनाते है उसी तरह जेल में भी मनाया गया जेल के बाहर से लेकर अंदर तक कार्पेट बिछाए गए कनाते लगाकर सुंदर गलियारा बनाया गया जिससे होकर एक बड़े पंडाल में बैठक व्यवस्था रखी गई जहां पंखे कूलर ठंडे पानी की भी व्यवस्था रखी गई । यहां बैठकर बहनों ने अपने भाइयों को सुकून से राखी बांधी भाई बहन का भावुक मिलन यहां जेल प्रहरियों की आंखे भी नम कर रहा था ।यहां पूरे समय सहायक जेल अधीक्षक श्वेता मीणा निगरानी करती रही ।वे भावुक बहनों को ढाढस भी बंधा रही थी ।प्रहरियों ने बच्चों को मिठाई



खिलाई ।बहनों ने अपने बंदी भाइयों के साथ प्रहरियों को भी राखी बांधी ।इस खुली मुलाकात के लिए जेल प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था रखी संदीप सिंह परिहार जेल के अंदर बाहर निगरानीनकर रहे थे वे वाकी टाकी के माध्यम कम्यूनिकेट कर व्यवस्था बना रहे थे ।जेल से बाहर राजकुमार कैथवास और दुर्गा मौर्य बहनों के आधार देख रजिस्ट्रेशन के रहे थे तो आगे बढ़ने पर प्रियंका मंडलोई और सोनाली चौहान मेटल डिटेक्टर से जांच कर रही थी बहनों को राखी नारियल के साथ मिठाई ले जाने की अनुमति दी गई ।इसके बाद मुलाकात स्थल पर आशुतोष रोमडे आजम खान राजेंद्र कुमार आकृति कटारिया तैनात थे।

### श्री सत्य साई सेवा समिति ने आस्था ग्राम ट्रस्ट में मनाया रक्षाबंधन

**खरगोन।** श्री सत्य साई सेवा समिति के सदस्यों ने भाई बहन के अटूट प्रेम का त्यौहार रक्षाबंधन आस्था ग्राम ट्रस्ट में निराश्रित एवं दृष्टि बाधित बच्चों के साथ मनाया।

समिति सह संयोजक नीरज अमझेरा, जिलाध्यक्ष तरुण झवर ने बताया आश्रम की बहनों से भाइयों को राखी बंधवाई, बहनों ने समिति के सदस्यों द्वारा लाई गई मिठाई, चाकलेट भाइयों को खिलाई। आरती उतारी। भाइयों ने बहनों को स्वस्थ रहने एवं दीर्घायु होने का आशीर्वाद दिया। समिति के अनंत केशव, सुधा अनंत केशव, घनश्याम वर्मा, सतीश पारिख, मंशाराम मंसारे, रमाकांत शर्मा, अभिमन्यु चौहान के साथ ही



आश्रम प्रबंध ट्रस्टी कुक्कू द्विवेदी, छात्रावास प्रभारी गायत्री अमोरे, संतोष ताम्रकर आदि मौजूद थे।

### अज्ञात कारणों से 47 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी, जांच जारी

**गोगावा, निप्र।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बजरंगपुर में गुरुवार शुक्रवार की मध्य रात्रि में एक युवक की फांसी लगने से मौत हो गई है। गोगावा पुलिस से प्राप्त जानकारी अनुसार मालूम हुआ की ग्राम के जगदेव सिंह पिता रघुनाथ सिंह चौहान 47वर्ष की अपने ही घर के बाड़े में फांसी लगने से मौत हो गई है मौत का कारण अज्ञात बताया जा रहा है। थाने पर सूचना मिलते ही घटना स्थल पर थाने के उपनिरीक्षक रितेश तायडे पुलिस बल के साथ पहुंचे व शव की जांच पड़ताल करने के बाद मोका पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए गोगावा शासकीय अस्पताल लाया गया जहां शव का शुक्रवार पीएम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है ।उधर मौत के अज्ञात कारणों का पुलिस पता लगा रही ही ।



### स्काउट व गाइड ने पौधों को बांधे रक्षासूत्र, लिया सुरक्षा का संकल्प




**खरगोन।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के स्काउट व गाइड ने बंधन रक्षा का कार्यक्रम के तहत इस मानसून के मौसम में नए पौधे लगाकर उनके बड़े होने तक उनकी रक्षा करने का प्रण लिया। बच्चो ने पौधों को राखी बांधकर, यह संकल्प लिया कि एक राखी रक्षा की..। बच्चों ने पेड़ों ट्री- गार्डो पर राखी बांधी और पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। प्राचार्य अनुभाई पटेल, स्काउट मास्टर महेंद्र बेनीवाल, गाइड कैप्टन अमिशा यादव ने पर्यावरण की रक्षा करने और दूसरों को जागरूक करने का संकल्प दिलाया।

**धर्म- आस्था**

**नौका विहार के उपरांत जनवासे में होगी भजन संध्या,सोमवार को शाही सवारी में भगवान करेंगे नगर भ्रमण**

# भगवान काशी विश्वनाथ आज करेंगे नौका विहार



नवभारत न्यूज

**मण्डलेश्वर।** काशी सेवा समिति एवं धर्म जागरण मंच के सौजन्य से प्रतिवर्ष के अनुसार नगर के राजा भगवान काशीविश्वनाथ की शाही सवारी के दो दिवसीय आयोजन की आज शुरुवात होगी। रविवार को केवट समाज के सौजन्य से भगवान के प्रतीकात्मक मुखोटे को पुष्पो से सुसज्जित नौका में नौका विहार करवाया जाएगा। नौका विहार के पश्चात श्रद्धालु हरि कर्मा के निज निवास पर भगवान का जनवासा बैंड बाजे, ढोल एवं ताशे के साथ धूमधाम से ले जाया जाएगा।

**भजन संध्या में झूमेंगे श्रद्धालु :** भगवान काशी विश्वनाथ का प्रतीकात्मक मुखौटे को नौका विहार करवाने के उपरांत श्रद्धालु हरि कर्मा के निज निवास पर जानवासे के लिया लाया जाएगा। जहा रात्रि जागरण के लिए भजन संध्या का आयोजन किया गया है। भजन संध्या में तलवाड़ा डेब की जयश्री कर्मा, खरगोन के शुभम रघुवंशी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे। वही स्थानीय भजन गायक आकाश सोनी, रवि शुक्ला, गणेश मामा पाटीदार, गुलावड़ के राजेंद्र कर्मा, सहित शिव भाई एवं लोकेश भाई भी भजन संध्या में अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

**सेवा को भगवान करेंगे नगर भ्रमण, नगर हुआ भगवामय :** सोमवार को भगवान काशी विश्वनाथ नगर के 5 अन्य शिवालयों के अधिष्ठाता के साथ नगर भ्रमण के लिए निकलेंगे। भगवान काशी विश्वनाथ की शाही सवारी के आयोजन से नगर का माहौल धार्मिक हो गया है। शाही सवारी के यात्रा मार्ग को भगवा ध्वज द्वारा सजा दिया गया है। नगर के प्रतिष्ठानों ने भी भगवान के स्वागत की तैयारिया आरंभ कर दी है। नगर की विभिन्न सामाजिक संगठनों ने शाही सवारी में आए श्रद्धालुओं के लिए अल्पाहार एवं जलपान का प्रबंध करने हेतु आयोजन समिति का आश्वस्त किया है। वही कसरावद फाटे पर संस्था सत्य मेव जयते एवं बालाजी ग्रुप द्वारा लगने वाले भव्य एवं विशाल मंच पर आकर्षक विद्युत साजसज्जा एवं रमणीय झांकी के साथ भगवान का आतिथ्य किया जाएगा।

#### केवट समाज करवाएगा नौका विहार

रविवार शाम को भगवान काशी विश्वनाथ के प्रतीकात्मक मुखौटे को फूलो से सुसज्जित पालकी में विराजित कर बैंड बाजे, ढोल ताशो के साथ नर्मदा तट ले जाया जाएगा। केवट समाज द्वारा पुष्पों से सुसज्जित नौका में विराजित कर भगवान को नौका विहार करवाया जाएगा। थाना प्रभारी दीपक यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि नौका विहार के दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से अपनी ड्यूटी को अंजाम देगा। किसी दुर्घटना से बचने के लिए भगवान की नौका के साथ चलने वाली नौकाओं में 10 व्यक्तियों को ही नौका में बैठने की अनुमति रहेगी। साथ ही प्रत्येक नौका पर लाइफ जैकेट और एनडीआरएफ टीम के सदस्य भी मौजूद रहेंगे।